उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांक 280 /गोपन/ह0प्रशि0/2024–25 दिनांकः 15 अक्टूबर, 2024

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अंतर्गत हवलदार प्रशिक्षक के कुल 24 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। आयोग के परीक्षा कार्यक्रम संख्या 1157/परीक्षा कार्यक्रम/2024–25 दिनांक 17 सितंबर, 2024 के अनुसार हवलदार प्रशिक्षक के पदों हेतु शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक **21 अक्टूबर, 2024** से किया जा रहा है।

उक्त शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 से आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। सभी अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र आयोग की वैबसाइट www.sssc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। अभ्यर्थियों को शारीरिक माप–जोख में छूट प्राप्त करने हेतु पर्वतीय/आरक्षित श्रेणी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा। शारीरिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रवेश–पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र में अंकित तिथि को समयांतर्गत परीक्षण केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव

Scanned with ACE Scanner